पंजाब केसरी 04/04/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण



*शैक्षणिक परिभ्रमण करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी।*

अम्बाला, 3 अप्रैल (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट एवं हिन्दी विभाग द्वारा विद्यार्थियों को समृद्ध विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य करुणा के शिखर महात्मा बुद्ध की जीवन दृष्टि से परिचित करवाने के लिए धर्मशाला एवं मैकलोड़गंज के शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। इसमें 51 के लगभग विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थी अपनी परंपरा एवं ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से परिचित होता है। साथ ही उनमें 'हम' की भावना विकसित होती है। डा. अनीश ने बताया कि विद्यार्थियों को श्री आनंदपुर साहिब में सिख धर्म के पावन इतिहास, शौर्य एवं पराक्रम के बारे में बता उन्हें भारत के अतीत से अवगत करवाया गया।

विद्यार्थियों को मैकलोड़गंज के भागसूनाथ मंदिर में ले जाकर मंदिर निर्माण के पीछे के हेतुओं को स्पष्ट किया गया। तदुपरांत विद्यार्थियों को प्राकृतिक सौंदर्य से अवगत कराने के लिए वहां के पहाड़ों, झरनों, वृक्षों की रमणीयता दिखाई गई। महात्मा बुद्ध के मंदिर के दर्शन कर विद्यार्थियों ने महात्मा बुद्ध के जीवन सूत्रों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और विद्यार्थियों को यह बताया गया कि आज के भौतिकतावादी युग में महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं बहुत ही अनुकरणीय हैं। इस शैक्षणिक यात्रा में प्रो. जस्मिता एवं प्रो. रितिका मौजूद रहीं।